5/B (23) संलग्नक -5/DCF
26

कार्यालयः उप वन संरक्षक,वन्य जीव,कोटा।

स्थल निरीक्षण रिपोर्ट

दिनांक 21–8–12 को श्री सिद्धार्थ टॉक, सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य ांत्रिकी विभाग, चम्बल भीलवाड़ा परियोजना; श्री जगदीश प्रसाद खाती, क्षैत्रीय वन कारी, जवाहरसागर; श्री एजाज अहमद, अमीन कार्यालय हाजा एवं हल्का स्टाफ के साथ बल–भीलवाड़ा पेय जल परियोजना के जवाहरसागर अभयारण्य क्षैत्र से गुजरने वाले पथ न वन भूमि के बदले उपलब्ध कराई जाने वाली गैर वन भूमि का निरीक्षण किया गया।

मौके पर प्रस्तावित कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है एवं न ही कार्य शुरू होने की यारी है। इस प्रकार वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 का उल्लघंन नहीं हुआ है। क्षैत्र में कोई विशिष्ठ/संकटाग्रस्त प्रजाति के वन्य जीव एवं वनस्पति नहीं है। क्षैत्र में कोई संरक्षित पुरातत्व महत्व के विरासत एवं रक्षा से सम्बन्धित कोई भवन/स्थापना नही है।

(बी.पी.पारीक)
उप वन संरक्षक,
वन्य जीव,कोटा

C.5

(एस. आर. यादव)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान
कोटा

कार्यालयः उप वन संरक्षक,वन्य जीव,कोटा।

5/c ~~24~~ 27

प्रमाण–पत्र

प्रस्तावित चम्बल–भीलवाड़ा पेय जल परियोजना में जवाहरसागर अभयारण्य की [illegible] वन भूमि 3.448 हैक्टर (2.57 हैक्टर वन्य जीव, कोटा कार्यालय अधीन एवं 0.878 है0 [illegible] मण्डल, चित्तौड़गढ़ अधीन) के एवज में कार्यालय जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ के पत्रांक [illegible] दिनांक 29–6–12 द्वारा ग्राम भैंसरोड़गढ़ के खसरा नं0 32 की 3.29 हैक्टर एवं ग्राम श्रीपुरा के खसरा नं0 651 की 0.18 हैक्टर (कुल भूमि 3.47 हैक्टर) की गैर वन भूमि उपलब्ध [illegible] जाना प्रस्तावित किया गया है। दोनों खसरान कार्यालय के वन भूमि अभिलेख अनुसार [illegible] भूमि नहीं है।

गैर वन भूमि के प्रस्तावित दोनों खसरान की भूमि का दिनांक 21–8–12 को [illegible], जवाहरसागर अभयारण्य एवं अधीनस्थ स्टाफ के साथ निरीक्षण करने पर पाया कि दोनों खसरान् अलग अलग स्थान पर है परन्तु आरक्षित वन खण्ड पीरमगरा की भूमि से लगते हुए है। ग्राम भैंसरोड़गढ़ की हाल आराजी नं0 32 की भूमि आरक्षित वन खण्ड पीरमगरा के हाल खसरा नम्बर 2 से लगती हुई है। ग्राम श्रीपुरा के हाल खसरा नं0 651 की भूमि वन खण्ड पीरमगरा के मीनारा संख्या 174 से लगती हुई है। प्रस्तावित गैर वन भूमि वनारोपण एवं वन प्रबन्धन के दृष्टिकोण से उचित है।

मौके पर आवश्यक पूरी 3.448 हैक्टर वैकल्पिक भूमि ग्राम भैंसरोड़गढ़ के एक ही खसरा नं0 32 में से ही लेने के विकल्प पर विचार किया गया। परन्तु इस खसरा नं0 32 का कुल क्षेत्रफल ही 3.40 हैक्टर है एवं इसमें अभी मात्र 3.29 हैक्टर ही आंवटन हेतु उपलब्ध है।

(हस्ताक्षर)
(बी.पी.पारीक)
उप वन संरक्षक,
वन्य जीव,कोटा

C.5
(हस्ताक्षर)
(एस. आर. यादव)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
मुकन्दरा राष्ट्रीय उद्यान
कोटा